तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों का बदला रूट, दिल्ली...



12 भाइयों की आरती उतारकर किया तिलक बांधी राखी और की लंबी...



## खबर संक्षेप

### आज क्षेत्र के दौरे पर रहेंगी विधायक अनिला

**डौंडीलोहारा।** क्षेत्रीय विधायक अनिला भेंडिया 20 अगस्त को क्षेत्र के दौरे पर रहेंगी। वे भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विकासकार्यों की सौगात देंगी। मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती भेड़िया ग्राम पिंगाल 01 बजे, ग्राम जाटादाह 1.45 बजे, ग्राम गैजी 02.30 बजे, ग्राम भिंदो 4.00 बजे, ग्राम नलपानी 4.30 बजे पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों का सौगात देंगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल प्रजापति ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी, त्रिस्तरीय पंचायती राज के नगर पंचायत सदस्य ,सरपंच ,जनपद सदस्य ,जिला पंचायत सदस्य, अनुसचित जनजाति, अनुसचित जाति, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, युवा मोर्चा, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### सूने घर में दिन दहाड़े चोरी बर्तन व नकदी ले उड़े चोर

**बालोद/कलंगपुर।** थाना रनचिराई क्षेत्र अंतर्गत गांवों में चोरी की वारदातें कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। वहीं, चोरों को पकड़ने में रनचिराई पुलिस को अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को ग्राम डोंगींतराई में रामकुमार बमभोले के घर अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े दोपहर तकरीबन एक दो बजे के बीच सूने घर से उपयोग कर रहे पानी भरने के पीतल कांसा के बर्तनों की चोरी कर फरार हो गया। पीड़ित रामकुमार बमभोले ने बताया कि रोज की तरह घर के दरवाजे पर संकल लगाकर अपनी पत्नी के साथ कृषि कार्य के लिए खेत गया था। जब दोपहर में खाना खाने के लिए घर आया तो देखा दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो पीने के लिए पानी भरकर रखा गया, पीतल कांसा के बर्तन एवं एक नग पीतल बाल्टी जिसमें पानी था साथ ही कुछ नगदी रुपये लेकर अज्ञात चोर फरार हो गया था।

### महिला को गांजा के साथ पकड़ा

**भिलाई।** गांजा के साथ महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शमहिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 30 हजार रुपए का गांजा बरामद किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम नंदिनी खुदनी में मंजू पटेल दुकान में गांजा बेच रही थी। पुलिस ने दबिश देकर महिला से 2 किलो गांजा बरामद किया है। नगदी रकम 670 भी महिला के पाससे मिले है।

### गेमिंग के नाम पर ट्रांजेक्शन, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** बैंक खाते को लेकर गेमिंग ऐप का उपयोग कर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318 (4), 61 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि गांधी नगर भिलाई तीन निवासी प्रकाश कुमार वर्मा रोजी मजदूरी का कार्य करता है। पूर्व में अंग्रेजी प्रीमियम शॉप आकाश गंगा सुपेला में काम करता था। सेक्टर-10 का मनोज पात्रो भी यहीं काम करता था। उसके द्वारा जान पहचान सेक्टर 10 निवासी सुखपाल सुधाकर से हुआ था। मोहल्ले में रहने वाला अन्ना फायनेंस का काम करता है। काम छूटने से उसे पैसे की जरूरत होने लगी। तब अन्ना ने बताया कि नया खाता और सिम नया दोगे तो अकाउंट का कमीशन लगभग 10 हजार रुपए मिलेगा। तब अन्ना ने पीड़ित का एक करंट अकाउंट आईडीबीआई बैंक, केनरा बैक में बचत खाता खुलवाया। बातचीत के दौरान सुखपाल ने आकाश गंगा सुपेला में बताया कि खाता देगा तो 13 हजार रुपए मिलेगा। पीड़ित को पैसो की जरुरत होने पर सुखपाल से 22 हजार रुपए उधार लिया था।

# रक्षाबंधन पर भद्रा का साया, बहनों ने दोपहर बाद बांधी भाइयों को राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रक्षाबंधन पर्व पर इस साल भद्रा के कारण दोपहर डेढ़ बजे के बाद बहनों ने भाईयों को राखी बांधी। भद्रा लगने के कारण कोई भी शुभ काम या नया काम प्रारंभ नहीं करते और ना ही राखी बंधवाते। प्रतिवर्ष सावन माह की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है, जिसमें बहनें अपने भाइयों को राखी बांध कर उनकी सुखी और लंबी जीवन की कामना करती हैं। वहीं, भाई उनकी रक्षा का वचन लेते हैं। इस वर्ष सावन पूर्णिमा पर दोपहर डेढ़ बजे तक भद्रा भी था, जिसके कारण बहनों ने डेढ़ बजे के बाद अपने भाइयों को राखी बांधी।

## बेमेतरा जिला मुख्यालय सहित अंचल में धूमधाम से मना त्योहार



### आरती उतारकर तिलक किया और बांधी राखी

रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने के पहले उसका हिंदू परंपरा के अनुसार आरती उतारी, फिर तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाई। बड़े बहनों ने जहां छोटे भाई को आशीर्वाद दिया वहीं छोटी बहन को भाइयों ने आशीर्वाद दिया। भाइयों ने बहनों को विभिन्न प्रकार की उपहार सामग्री भेंट की।



राखी भाइ-बहनों के पवित्र प्रेम का त्योहार है जब बहनें अपनी कलाईयों पर खुशहाली और दीर्घायु के लिए प्रार्थना करती हैं और इसी भावना के साथ वे अपनी कलाईयों पर राखियां बांधती हैं। इसलिए पंडितों का कहना है कि उन्हें भद्रा काल की इस अवधि से बचना चाहिए। इस संबंध में सप्ताहभर से सोशल मीडिया में विभिन्न आचार्यों पंडितों ने भद्रा को लेकर विविध प्रकार के तर्क दिए थे, जिसे देखते हुए दोपहर एक बजकर तीस मिनट पर भद्रा समाप्ति के बाद लोगों के द्वारा रक्षा बंधन मनाया। इसकी शुरुआत कुछ लोगों ने अपने इष्ट देव को राखी बांध कर की।

**वारदात :** बेमेतरा सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कठिया में हुई वारदात

# जादू-टोने के शक में अधेड़ ने बुजुर्ग पर कुल्हाड़ी से किया वार, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिटी कोतवाली थाना बेमेतरा अंतर्गत नेशनल हाईवे सड़क से लगे ग्राम कठिया से बीते सोमवार की सुबह एक खौफनाक वारदात सामने आई है। कठिया गाँव में स्थित गांधी चौक के समीप एक अधेड़ उम्र के आरोपी रामधार निषाद (50 वर्ष) ने अपनी पुरानी रंजिश एवं काला जादू के कारण वाद-विवाद कर गाँव के ही 70 वर्षीय बुजुर्ग आशाराम निषाद पिता झुलुराम निषाद की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी।

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

रक्षाबन्धन पर्व पर सुबह से हुए इस निर्मम हत्याकांड से गाँव-परिक्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर घटनास्थल पहुंची कोतवाली पुलिस के स्टॉफ ने मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर मामले में मर्ग कायम करते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। इसके साथ ही गाँव से ही आरोपी रामाधार निषाद को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि मृतक एवं आरोपी का घर गाँव में अगल-बगल है। वहीं, आरोपी रामधार कई साल से लगातार बीमार चल रहा था, जिसको लेकर वह पड़ौसी मृतक आशाराम पर काला जादू किए जाने का शक करता था। लिहाजा इसी के चक्कर में उसने सोमवार सुबह वाद-विवाद करने लगा। इस बीच सुबह लगभग 7 बजे गाँव के गांधी चौक पर मौजूद आशाराम पर धारदार कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ जानलेवा वार कर लहूलुहान कर दिया। इस जानलेवा हमले में ▶▶|शेष पेज 11पर



### आरोपी से पूछताछ जारी

इस संबंध में सिटी कोतवाली थाना बेमेतरा प्रभारी-सब इंस्पेक्टर राकेश साहू ने बताया कि सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। मामले में कागजी कार्यवाही पूरी कर बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर लिया गया है। आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

### गांव में दिनभर तैनात रही पुलिस

उधर, हत्या की खबर क्षेत्र में खबर तेजी से फैल गई, जिसके कारण त्योहार के दिन होने के बाद भी गाँव की रौनक गायब हो गई। वहीं, दिनभर भय का वातावरण रहा। घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल जलि पुलिस प्रशासन के दिशानिर्देश पर एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया। इससे गाँव में फिलहाल दोनों पक्षों में शान्ति की स्थिति बनी रही।

# सूने मकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार नकदी व जेवर बरामद





- बेरला थाने में लिखाई गई थी ग्राम रेवे में हुई घटना की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

थाना बेरला इलाके के ग्राम रेवे के सूने मकान से नकदी एवं गहने चोरी का मामला प्रकाश में आया। जिसकी रिपोर्ट पर जांच-विवेचना में लगी बेरला पुलिस ने सन्देह के आधार पर मास्टरमाइंड आरोपी की गिरफ्तारी कर चोरी की गई नकदी सहित सभी बहुमूल्य सामानों की बरामदगी कर ली है। इस त्वरित कार्यवाही से बेरला थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मयंक मिश्रा सहित उनकी टीम क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है। गौरतलब हो कि बेरला थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रेवे से विगत 9 अगस्त को स्थानीय 64 वर्षीय बुजुर्ग द्वारिका साहू पिता दशरथ साहू ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमे उनके गैर मौजूदगी में कोई व्यक्ति दीवार से कूदकर घर के अंदर दाखिल होते हुए उनकी तिजोरी से 22 हज़ार रुपये नगद रुपये के साथ सोने-चांदी के लाखो रुपये के कीमती आभूषण को चोरी कर ले गया था। जिसमे एसपी रामकृष्ण साहू के निर्देश पर बेरला एसडीओपी तेजराम पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मयंक मिश्रा के अगुवाई में जांच टीम बनाई गई थी। जिसने क्षेत्र में लगातार खोजबीन के आधार पर रेवे निवासी आरोपी नेमचंद गोड़ उर्फ नेमू पिता जगतारण गोड़ को हिरासत में लेकर कड़ाई से ▶▶|शेष पेज 11 पर

# रक्षाबंधन पर युवाओं ने लगाए पौधे, उन्हें राखी बांधकर लिया सुरक्षा का संकल्प



**बेमेतरा।** रक्षाबंधन के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित वार्ड नंबर 6 मोहभट्ठा के युवाओं ने पौधारोपण किया गया। इस दौरान पौधों को राखी बांधकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर संजु निषाद, दीनू यादव, कुंदन वर्मा, राजू सैनिक, मोहन ध्रुव शामिल रहे।

# मवेशियों को सड़कों पर जाने से रोकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नांदघाट थाना सम्बद्ध पुलिस चौकी मारो में कल बेमेतरा एसपी रामकृष्ण साहू के दिशानिर्देश पर एएसपी ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में एएसआई कृष्णकुमार क्षत्री एवं स्टाफ ने पुलिस चौकी मारो क्षेत्रांतर्गत के ग्राम नारायणपुर के सरपंच, एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक ली। बैठक में मवेशी मालिकों से अपील की कि अपने मवेशियों को बांध कर रखें, ताकि उनकी वजह से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। मवेशी के सड़क पर घूमने, बैठने से दुर्घटना होती है, जिससे लोगों और मवेशियों की जान चली जाती है। साथ ही अपने मवेशियों को घर में रखने तथा चरवाहों की देखरेख में चराने के लिए भेजने, सड़क पर स्वतंत्र रूप से घूमने के लिए नहीं छोड़ने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही आम नागरिकों को चौपाल लगाकर नशा मुक्ति को लेकर जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। ग्रामवासियों को साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अन्जान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर एटीएम कार्ड नंबर एक्सपायरी डेट सीवीवी नंबर पिन नंबर ओटीपी पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें। अपना आधार कार्ड सम्भाल कर रखें एवं आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति को न बताएं। फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाते के संबंध में जानकारी मांगे, तो जानकारी न दें क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें। जरूरी होने पर शिकायत करें। आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है। इसके साथ ही यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। लोगों को यातायात सड़क संकेत तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने को कहा गया। साथ ही सायबर पहरी के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया और ग्रामवासियों को नये कानून के संबंध में जानकारी दी गई।




नारायणपुर में पुलिस प्रभारी ने ली जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों के साथ बैठक

अंतिम सोमवार होने के कारण बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में लगा श्रद्धालुओं का तांता, गूंजा हर हर महादेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को महादेव के पूजन दर्शन के लिए भोर पहर से ही जिला मुख्यालय सहित अंचल में शिवालयों के बाहर आस्था का संगम देखने को मिला। हर-हर शंभु और हर-हर महादेव के जयकारों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिरों के पट शिवभक्तों के लिए खुले, तो भक्तों ने बारी-बारी जाकर बाबा का जलाभिषेक किया।

मंदिर सेवकों ने महिला व पुरुषों को अलग-अलग कतारों में दर्शन कराए। अंतिम सोमवार होने के कारण मंदिर विधिवत पूजन अर्चन करने बच्चे बड़े, महिला पुरुष सभी पहुंचे। पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार को अमृत काल में महादेव का पूजन अर्चन भक्तों ने की।



पंडितों के अनुसार इस दिन किया गया महादेव का पूजन भक्तों की मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला होता है। जिले के बेमेतरा, नवागढ़, बेरला, साजा, थान खम्हरिया, दाढ़ी, नांदघाट, मारो, भिम्भौरी, देवकर, देवरबीजा सहित प्रमुख शिवालयों में सावन के अंतिम दिन जलाभिषेक के लिए सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा। बहुत से शिव भक्त सावन के सभी सोमवार को व्रत रखते हैं।

### पंचायतों को 5 माह से नहीं मिली 15वें वित्त की राशि

**लाटाबोड़।** जिले के अधिकतर सरपंचों व सचिवों से मिली जानकारी अनुसार करीब 5 माह से मूलभूत व 15वें वित्त का बजट जारी नहीं होने से ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्य अटक गए हैं। इससे जलभराव आदि समस्याओं से ग्रामीण परेशान हैं। गांव में नाला नाली आदि ठप पड़े हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के 5 माह बाद भी मूलभूत व 15वें वित्त के तहत मिलने वाली धनराशि की एक भी किस्त जिले को नहीं मिली है। शासन से इन ग्राम पंचायतों के विकास के लिए राज्य वित्त व 15 वें वित्त के तहत विकास कार्यों के लिए बजट दिया जाता है वहीं मूलभूत व 15 वें वित्त से जिले को मिलने वाले बजट की एक भी किस्त नहीं मिलने से गांवों में नाली, नाला निर्माण, मरम्मत सहित अन्य कार्य अटके पड़े हैं। ग्राम पंचायतों ने विकास कार्यों की रुपरेखा तैयार कर ली है, लेकिन एक भी किस्त नहीं मिलने से विकास कार्य अधर में हैं।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### ऊंचाई से गिरकर घायल मजदूर की मौत

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में एक फैक्ट्री में काम कर रहे ठेका मजदूर की काम के दौरान ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल होने के बाद निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, एसकेएस इस्पात में एक माह पूर्व सीट लगाने के दौरान सुनील कुमार रात्रे ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### उधार की रकम मांगने पर मारपीट

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने की रामनगर चौकी में एक व्यक्ति ने एक ही परिवार के तीन लोगों के खिलाफ उधार की रकम मांगने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, कौशल प्रसाद चंद्राकर ने आकाश विश्वकर्मा, हनीष विश्वकर्मा, वासीम विश्वकर्मा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कौशल ने पुलिस को बताया कि उधार की रकम मांगने पर हनीष तथा अन्य ने उसके साथ मारपीट करने के साथ घर के दरवाजे में तोड़फोड़ की।

### रीना को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने विवि की सांख्यिकी अध्ययन शाला की छात्रा रीना सोनकर को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय ए स्टडी ऑन आलमोस्ट अनबिएस्ड इस्टीमेंटर्स ऑफ पापुलेशन पैरामीटर्स इन सैंपल सर्वेस था। उन्होंने अपना शोधकार्य प्रोफेसर व्यास दुबे के निर्देशन में पूर्ण किया। वे मठपुरैना निवासी उदय कुमार सोनकर की पुत्री हैं।



# रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों का बदला रूट, दिल्ली जाने कटनी से मिलेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पश्चिम मध्य रेलवे में जबलपुर रेलमंडल के कटनी मुड़वारा-बीना रेलवे स्टेशन के बीच दमोह रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने का काम 26 अगस्त से 9 सितंबर तक अलग-अलग तारीखों में किया जाएगा। वहीं उमरिया रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने का काम 24 अगस्त से 5 सितंबर तक चलेगा। इस कारण रेलवे ने छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली छह एक्सप्रेस ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया है। इन सभी ट्रेनों का ठहराव कटनी रेलवे स्टेशन में दिया जा रहा है।

## उमरिया स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने 24 अगस्त से चलेगा काम



छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली छह ट्रेनों का रूट बदलने का लिया फैसला

**इन ट्रेनों का भी बदला रूट**

- 12 सितंबर को ट्रेन नंबर 22407 अंबिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू कटनी-कटनी-सतना-ओहन केबिन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन होकर चलेगी।
- 12 सितंबर को उधमपुर से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 12550 ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन-ओहन केबिन-सतना- कटनी-न्यू कटनी होकर चलेगी।
- 4 व 11 सितंबर को ट्रेन नंबर 20808 अमृतसर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन-ओहन केबिन-सतना-कटनी-न्यू कटनी होकर चलेगी।
- 27 अगस्त को ट्रेन नंबर 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग संत हिरदाराम नगर-भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी-न्यू कटनी होकर चलेगी।

### संपर्क क्रांति के यात्रियों को दिक्कत

*रेलमंडल के अधिकारियों ने बताया कि 31 अगस्त और 9 सितंबर को ट्रेन नंबर 12823 दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू कटनी-कटनी-सतना-ओहन केबिन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन होकर चलेगी। वहीं 8 और 10 सितंबर को ट्रेन नंबर 12824 निजामुद्दीन-दुर्ग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन-ओहन केबिन- कटनी-न्यू कटनी होकर चलेगी। सभी ट्रेनों का ठहराव दो मिनट तक कटनी साउथ स्टेशन में दिया गया है।*

## झुग्गी बस्तीवासियों को पक्के आवास देने में नगर निगम फिसड्डी

# शहर में 200 से ज्यादा झुग्गी बस्तियां, छह साल में सिर्फ 7 का विस्थापन, इधर, दस हजार आवास खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर की तंग व मलीन बस्तियों के दमघोंटू माहौल में जिंदगी बिता रहे 200 से ज्यादा झुग्गी बस्तियों के रहवासियों को बेहतर परिवेश में स्वच्छ स्थान पर पक्के आवास देने में रायपुर नगर निगम फिसड्डी साबित हुआ है। केंद्र व राज्य शासन की कई योजनाएं स्लम बस्तियों के रहवासियों के विस्थापन के लिए चलाई जा रही हैं, इसके बाद भी स्लम फ्री सिटी का सपना अभी कोसों दूर है। हालात ये हैं, शहरी गरीब बुनियादी कार्यक्रम यानी बीएसयूपी के तहत चिन्हांकित झुग्गी बस्तियों के विस्थापन के मकसद से शहर में बनाए गए 11, 581 बहुमंजिला आवास में से केवल 1106 फ्लैट्स में पात्र परिवारों की शिफ्टिंग ही हो पाई। 10 हजार से ज्यादा बीएसयूपी आवास सालों से खाली पड़े खंडहर हो रहे हैं।

- सर्वे के बाद भी नहीं हो सका विस्थापन

इनमें मलीन बस्तियों के लोगों को बसाने की जगह किरायेदारों को किफायती आवास में तब्दील कर इसे बेचा जा रहा है। नगर निगम के दस जोन में चिन्हांकित झुग्गी बस्तियों के विस्थापन के लिए जोन स्तर पर सर्वे कराया गया, पर छह साल में केवल 7 स्लम बस्ती के रहवासियों का ही विस्थापन करा पाए। बाकी की रिपोर्ट निगम मुख्यालय में धूल खाती पड़ी है। विदित हो कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले इन्हें पक्के आवास में विस्थापन की जगह पुराने जगह पर नजूल का पट्टा वितरण की बात कही गई, जिसमें चुनाव से 5 दिन पहले पूर्ववर्ती सरकार द्वारा शहर में सिर्फ 5 हजार पट्टे वितरित हो पाए। बाद में आचार संहिता लगने के बाद बाकी के पट्टों का वितरण नहीं हो पाया। राज्य में नई सरकार बनने के बाद से गरीबों के पट्टा वितरण को लेकर कोई निर्णय नहीं हो पाया है।

### 8 स्लम बस्तियों को आधुनिक बनाने की योजना ठप

*रायपुर स्मार्ट सिटी के अफसरों ने छह साल पहले शहर के 8 स्लम बस्तियों को आधुनिक कॉलोनी के रूप में विकसित करने की योजना बनाई, पर आज तक इन बस्तियों को आधुनिक कॉलोनी बनाने की दिशा में रत्तीभर काम नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक, विभागीय अफसर ने इन बस्तियों का नए सिरे से सर्वे कराकर हाउसिंग फॉर ऑल में शिफ्ट करने का दावा भी किया था, पर उनका ये दावा भी खोखला निकला। विदित हो, शहर को स्मार्ट बनाने साल 2018 में हांडीपारा, शिवपारा, नेहरूनगर, जोरापारा, रिंकियापारा, बैजनाथपारा, बढ़ईपारा और मांगड़ा पारा को आधुनिक कॉलोनी के रूप में विकसित कर वहां के रहवासियों का जीवन स्तर सुधारने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में योजना बनाई गई, पर यह योजना फाइलों में दबकर रह गई। आज भी ये बस्तियां आधुनिक कॉलोनी नहीं बन सकी हैं।*



### 16 साल पहले शहर में 330 स्लम बस्तियां दर्ज

नगर निगम के रिकार्ड में 2008 में जहां शहरभर में 330 स्लम बस्तियां दर्ज थीं, 16 साल बाद भी 200 स्लम बस्तियां शहर के अलग-अलग इलाके में हैं। जहां खुली नाली, सार्वजनिक प्रसाधन की कमी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी से झुग्गी बस्ती के रहवासी जूझ रहे हैं। जबकि बेहतर आवास की कई योजनाएं कें व राज्य सरकार स्लम बस्तियों के रहवासियों के विस्थापन के लिए चला रही है।

### खाली पड़े 10 हजार ईडब्ल्यूएस आवास बेच रहा निगम

*बिल्डरों द्वारा शहर में कॉलोनी विकसित करते समय गरीबों के लिए छोड़ी गई ईडब्लूएस की जमीन पर नगर निगम ने साल 2019 और साल 2023 में 11561 बहुमंजिला ईडब्लूएस आवास बनवाए। इन आवासों को विस्थापन के तहत स्लम बस्ती के रहवासियों को देना था, पर उनमें से केवल 1061 आवास में पिछले 4 साल में गरीब परिवारों का विस्थापन करा पाए। बाकी के 10 हजार ईडब्लूएस आवास खाली पड़े हैं। इन आवासों को नगर निगम चरणबद्ध तरीके से किरायेदारों को बेच रहा है। ये बहुमंजिला ईडब्लूएस आवास शहर के अलग-अलग लोकेशन पर स्थित हैं।*

हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

# बहन के घर मिलने आया भाई, नाराज पड़ोसी ने कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उरला थाना क्षेत्र में मामूली विवाद पर एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति को छत से गिराकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद फरार आरोपी को पुलिस ने धर-दबोचा है। फिलहाल पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना शनिवार देर रात की है। हत्या की वजह मृतक का अपने बहन के घर बार-बार आने जाने को लेकर विवाद बताया जा रहा है।





पुलिस के मुताबिक, बिरगांव निवासी संतोष सोनी की हत्या के आरोप में देवा विश्वकर्मा को हिरासत में लिया गया है। संतोष घटना दिनांक को अपनी बहन से मिलने के लिए आया था। इसी दौरान मौके पर देवा पहुंचा और संतोष से विवाद करते हुए उसके साथ हाथापाई करने लगा। उस वक्त संतोष घर की बालकनी में लगे लोहे की ग्रिल पर टिककर बैठा था। हाथापाई के दौरान देवा ने लोहे की ग्रिल में बैठे संतोष को लात मारी। लात मारने से ग्रिल टूट गई और संतोष ग्रिल सहित 20 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। गिरने की वजह से संतोष के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

- बार-बार बहन के घर आने से आक्रोशित था पड़ोसी

# पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट पर टिका निकाय- पंचायत चुनाव की तारीख का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव कब होंगे? इसका फैसला पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट पर टिका है। दरअसल आयोग की रिपोर्ट आने के बाद निकायों और पंचायतों में आरक्षण का फैसला होगा। इसके बाद ही राज्य निर्वाचन आयोग दोनों चुनावों की तारीखें जारी करेगा। हालांकि सरकार ने आयोग का गठन कर दिया है और आयोग ने तेजी से अपना काम शुरू कर दिया है। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के लिए जल्द ही सर्वे शुरू किया जाएगा।

- आयोग का काम शुरू, घर-घर होगा सर्वे
- पिछड़ा वर्ग के लिए तय करना है आरक्षण

### आयोग में सचिव की नियुक्ति

राज्य सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग गठित किए जाने की अधिसूचना जारी होते ही काम शुरू कर दिया गया है। आयोग के अध्यक्ष पूर्व आईएएस आरएस विश्वकर्मा है, सदस्यों के नाम भी घोषित किए जा चुके हैं। साथ ही अब आयोग के सचिव की नियुक्ति हो गई है। सचिव पद का दायित्व एक अधिकारी हिमाचल साहू को दिया गया है। उन्होंने अपना नया कार्यभार ग्रहण कर लिया है। खास बात ये है कि आयोग को तीन माह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देनी है।

### इसलिए बना ये आयोग

राज्य सरकार ने हाल ही में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया है। यह आयोग इसलिए बनाया गया है कि सुप्रीम कोर्ट में विकास किशन राव गवली विरुद्ध महाराष्ट्र राज्य केस में पारित निर्णय में व्यवस्था दी गई है कि कोई भी राज्य ट्रिपल टेस्ट की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान कर सकता है।

### डोर-टू-डोर सर्वे जल्द होगा शुरू

बताया गया है कि आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा के नेतृत्व में आयोग ने अपना काम तेजी से शुरू कर रखा है। आयोग का सबसे अहम काम पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए निकायों और पंचायतों में आरक्षण का निर्धारण करना है। इस काम के लिए राज्य में जल्द ही डोर-टू-डोर सर्वे किया जाएगा। आयोग के इस काम में स्थानीय प्रशासन, नगरीय निकायों की भी भूमिका होगी। मतदाता सूची का रिवीजन किया जाना है. इस काम के लिए कलेक्टरों, कमिश्नरों और नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। सर्वे की प्रक्रिया के तहत फार्म भरवाए जाएंगे। इस फार्म का फॉर्मेट तैयार कर जारी कर दिया गया है।

### आयोग करेगा ये काम

*यह आयोग राज्य में पिछड़ा वर्ग की वर्तमान सामाजिक, शैक्षणिक, तथा आर्थिक स्थिति का अध्ययन करने के साथ ही शासन के विभिन्न विभागों की संरचना एवं योजनाओं में पिछड़े वर्ग की भागीदारी की वर्तमान स्थिति का अध्ययन करेगा। राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को मिल रहे लाभों का अध्ययन, राज्य में पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का आकलन तथा इस वृद्धि के उपाय सुझाएगा। इसके साथ ही इस वर्ग के युवाओं के लिए कौशल उन्नयन कार्यक्रमों तथा प्रशिक्षण के संचालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करेगा। पिछड़ा वर्ग के सामाजिक शैक्षणिक, तथा आर्थिक कल्याण के लिए अनुशंसाएं करेगा। इसके साथ ही राज्य में त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण पर अनुशंसा देगा।*

## शिवभक्ति में उमड़ा सैलाब...





*रायपुर। सावन के अंतिम सोमवार के पहले शिवालयों में भारी भीड़ देखी जा रही है। महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचे। हाटकेश्वर महादेव का श्रृंगारित रूप देख शिवभक्त बेहद प्रफुल्लित हुए और भक्तिभाव से उनकी पूजा-अर्चना की। आज सोमवार को बड़ी संख्या में जलाभिषेक के लिए मंदिर प्रबंधन ने विशेष तैयारियां की हैं।*

## एमआईसी की बैठक आज, प्रस्ताव लाने की तैयारी

# सरकारी अस्पताल में बेटी के जन्म पर 20 हजार की एफडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के सरकारी अस्पताल में बीपीएल परिवार के लिए पहली बेटी के जन्म पर नगर निगम 20 हजार की एकमुश्त राशि जमा कराएगा। यह रकम 18 साल बाद बेटी के बालिग होने पर उसकी शा दी - वि वा ह जैसी जरूरतों पर खर्च की जा सकेगी। 20 अगस्त को होने वाली एमआईसी की बैठक यह प्रस्ताव चर्चा के लिए लाया जाएगा। इसी तरह 4 हजार सफाई कर्मचारियों को नगर निगम की ओर से सुबह के समय का नाश्ता मुफ्त मिलेगा। एमआईसी में यह दूसरा प्रस्ताव स्वास्थ्य विभाग की ओर से रखे जाने की तैयारी है। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में 20 अगस्त को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में मेयर इन कौंसिल की बैठक प्रातः 11.30 बजे से आयोजित है। बैठक में शहरी सरकार अपने तरह का एक अनूठा प्रस्ताव चर्चा के लिए लेकर आ रही है, जिसमें बीपीएल कैटेगरी के लोगों के लिए सरकारी अस्पताल में पहली बिटिया के जन्म होने पर 20 हजार रुपए एकमुश्त जमा करने का प्रस्ताव स्वास्थ्य विभाग की ओर से लाया जा रहा है। बिटिया के बालिग होने पर यह रकम उसकी शिक्षा, शादी जैसे जरूरतों के समय काम आएगी। महापौर एजाज ढेबर ने हरिभूमि को बताया कि इस प्रस्ताव को एमआईसी से स्वीकृत कर सामान्य सभा में पारित करने लाया जाएगा। फिर राज्य सरकार के पास भेजा जाएगा। जहां से मंजूरी मिलते ही यह योजना पूरे शहरभर में लागू होगी। नगर निगम स्तर पर यह पहली योजना होगी, जिसमें बेटी के जन्म पर 20 हजार रुपए एकमुश्त राशि जमा कराई जाएगी।

- ओपन प्लॉट पर वन टाइम सेटलमेंट का एजेंडा भी



### 4 हजार सफाई कर्मियों को सुबह का नाश्ता

*नगर निगम अपने 4 हजार सफाई कर्मचारियों को सुबह का नाश्ता उपलब्ध कराएगा। इसके लिए एमआईसी में प्रस्ताव लाया जा रहा है। सदस्यों से चर्चा उपरांत इस प्रस्ताव को पारित कर सामान्य सभा में रखा जाएगा। जहां से प्रस्ताव को मंजूरी के उपरांत शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग इसके लिए एजेंसी तय करने टेंडर करेगा। सूत्रों के मुताबिक, सफाई कर्मचारियों के सुबह के नाश्ते की इस योजना के तहत प्रतिदिन औसतन नगर निगम को 80 हजार रुपए खर्च आएगा। इस तरह वर्षभर में 2 करोड़ 28 लाख रुपए इसके तहत खर्च होंगे।*

### ओपन प्लॉट ऑनर के लिए वन टाइम सेंटलमेंट का प्रस्ताव

*20 अगस्त को होने वाली एमआईसी बैठक में शहर में खाली पड़े भूखंडों से कर वसूली के लिए वन टाइम सेटलमेंट का प्रस्ताव राजस्व विभाग की ओर से लाने की तैयारी है। महापौर एजाज ढेबर ने बताया कि ओपन प्लॉट के टैक्स को लेकर नई नीति तय करने की जरूरत है। वन टाइम सेटलमेंट की स्कीम आने पर नगर निगम का राजस्व बढ़ेगा। साथ ही संबंधित भूखंड धारियों को एक निश्चित रकम कर के रूप में भुगतान करने में आसानी होगी।*

# विश्व फोटोग्रॉफी दिवस पर फोटोग्रॉफर हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश फोटोग्रॉफर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा स्व. मधुकर खेर भवन प्रेस क्लब मे रविवार को विश्व फोटोग्रॉफी दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के लगभग 100 फोटोग्राफर शामिल हुए। इसी दौरान फोटोग्रॉफी व्यवसाय में आजीवन योगदान के लिए वरिष्ठ फोटोग्राफर सम्मान आर. पाटिल, संतराम जंगल, चंद्रकिशोर सिंह, राजकुमार हरचंदानी को दिया गया। साथ ही युवा फोटोग्रॉफर प्रतिभा सम्मान दिग्विजय वर्मा, सुनील सनोडिया और युवराज शर्मा को दिया गया। इस दौरान फोटोग्रॉफी प्रतियोगिता का तात्कालिक विषय बारिश का खत रखा गया था, जिसमें प्रथम स्थान अरविंद सोनवानी, भुट्टे का ठेला दूसरा स्थान अतुल कुमार धीवर, पानी में कागज की नाव तीसरा स्थान गुरदीप कक्कड़ ने साइकिल के टायर से बारिश के पानी के फोटो पर पुरस्कार हासिल किया। फोटोग्रॉफी स्पर्धा के निर्णायक मंडल में विनय शर्मा, निकष परमार, प्रफुल्ल ठाकुर रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, फोटोग्राफर एसोसिएशन अध्यक्ष मुमताज मलिक दुर्ग और संस्था के सचिव भीष्म देव यादव, मनोज धर्मेंद्रा, हरिशरण उपास्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### शिक्षकों ने देशभक्ति गीतों से बांधा समां

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश प्रेम की भावना की जागृत करने शिकसा ऐ मेरे वतन के लोगों कार्यक्रम का आयोजन किया। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में भीखम लाल देवांगन, प्रीति शुक्ला, रूक्मणी साहू, अनामिका चक्रवर्ती सुनीति, शकुन्तला बंजारे, हरनारायण साहू, कामती ठाकुर, अयांश मेरसा, मंजू लता मेरसा कृष्णा मानसी, अनिता श्रीवास, राजीव लोचन कश्यप, दिलीप श्रीवास, हेमा चन्द्रवंशी, हरमन कुमार बघेल, श्रुति कोरी, ओ.पी.कौशिक रतनपुरिहा, मोहित कुमार शर्मा, तारा बन्छोर, कविता श्रीवास, डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, हेमराज निषाद, रेखा पात्रे, शकुन्तला सहंश, बुधनी अजय, नीता त्रिपाठी, पुष्पांजली ठाकुर, डॉ.प्रमोद आदित्य, संजय सिंह राजपूत ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रामकुमार पटेल व आभार प्रर्दशन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

### आशना के कथक नृत्य ने मचाई धूम

**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्कृति विभाग के सहयोग से हिमसागर फाउंडेशन द्वारा आयोजित तिरंगा तोला नमन कार्यक्रम में आशना दिल्लीवार द्वारा लखनऊ घराना आधारित कथक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। यह कार्यक्रम महंत घासीदास संग्रहालय परिसर के मुक्ताकाशी मंच पर किया गया। इस कार्यक्रम में आशना ने द्रुतलय में उठान, शिव वंदना, परन, ठाट, आमद त्रिताल में एवं राधा-कृष्ण की पनघट ठुमरी का शानदार प्रदर्शन किया। वे डॉ. राजश्री नामदेव एवं अंजनी ठाकुर की शिष्या हैं। उल्लेखनीय है कि आशना 6 वर्ष के उम्र ही से कथक की साधना अपने गुरुद्वय के सानिध्य में कर रही हैं।

### प्रकृति का अनमोल उपहार है सावन का पावन माह

**रायपुर।** जिला अधिवक्ता संघ द्वारा जिला न्यायालय परिसर में विगत दिनों सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला अधिवक्ता और महिला न्यायाधीश शामिल हुईं। इस अवसर पर कई स्पर्धाएं हुईं और गीत-संगीत के साथ ही सावन के झूलों का महिला न्यायाधीश और महिला अधिवक्ताओं ने आनंद लिया। वकालत की व्यस्तता और तनाव भरे जीवन से दूर सुकून के पल बिताए। महिलाएं सावन गीतों पर थिरकती नजर आईं। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ की महिला उपाध्यक्ष रितु बुंदेला ने कहा कि हम अधिवक्ता कोर्ट और घरेलू कार्य में व्यस्त हो जाते हैं, सहकर्मियों के साथ मिलजुल नहीं पाते, लेकिन सावन का महीना हम सभी के लिए एक अलग ही बहार लेकर आता है। इस दौरान ज्यादातर काले और सफेद लिबास में नजर आने वाली महिला अधिवक्ता, हरे रंग की पोशाक में सजी-धजी रहीं। कार्यक्रम में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश हेमंत सराफ, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी सहित महिला न्यायाधीश वंदना देवांगन, मोहिनी कंवर, विभा पांडेय, छाया सिंह, महिला अधिवक्ता गायत्री साहू, सावित्री नायक आदि उपस्थित रहीं।

# परमिट की बाध्यता नहीं, ई-रिक्शा चालक बेलगाम, ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे

## राजधानी की सड़कों पर करीब 15 हजार ई-रिक्शा दौड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर पर ई-व्हीकल पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन ई-व्हीकल को लेकर एक वर्ग ऐसा भी है, जो छूट का नाजायाज फायदा उठा रहा है। इनमें ई-रिक्शा चालकों की मनमानी सामने आ रही है, जो ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर बेतरतीब ढंग से वाहन चला रहे हैं। इसके चलते जाम की स्थिति निर्मित होने के साथ ही हमेशा एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, वर्तमान में राजधानी की सड़कों पर 15 हजार के करीब ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं।

गौरतलब है कि ड्राइविंग लायसेंस के आधार पर ई-रिक्शा चलाने की अनुमति परिवहन विभाग ने दी है। इसके चलते बहुतायत में पेट्रोल, डीजल से चलने वाले ऑटो सड़कों से तेजी से गायब हो रहे हैं। छोटे कमर्शियल वाहन ऑटो चलाने वाले ज्यादातर लोग ई-रिक्शा ले रहे हैं। शासन स्तर पर मिली छूट के आधार पर शहर में पिछले तीन वर्षों में ई-रिक्शा की संख्या में दो से ढाई गुना की वृद्धि दर्ज की गई है। ज्यादातर ई-रिक्शा शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में संचालित हो रहे हैं। साइज छोटी होने की वजह से ई-रिक्शा के चालक मनमाने तरीके से किसी भी जगह से वाहन निकालने की कोशिश करते हैं। इसके चलते भी ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है।

### ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं

ट्रैफिक पुलिस के अफसर, कर्मियों के मुताबिक सबसे ज्यादा ट्रैफिक उल्लंघन करने की शिकायतें ई-रिक्शा चालकों की मिल रही हैं। ई-रिक्शा के चालक सिग्नल की अनदेखी करते हुए अपने वाहन तेजी के साथ रेड, यलो सिग्नल में भी निकाल लेते हैं। ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मुताबिक, ट्रैफिक उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। पिछले महीने दो हजार के करीब ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ ट्रैफिक उल्लंघन की कार्रवाई की गई है।



### ...तो लगेगा टैक्स

सड़कों पर ई-रिक्शा की संख्या बढ़ने का एक प्रमुख कारण मामूली रोड टैक्स लगना है। कमर्शियल सूची में ई-रिक्शा तथा मालवाहक ई-वाहन के शामिल होने पर वाहन चालकों को परिवहन विभाग से परमिट लेना पड़ेगा। साथ ही फिटनेस जांच कराने की बाध्यता होगी। परमिट तथा फिटनेस जांच की बाध्यता होने पर कमर्शियल ई-व्हीकल की बढ़ती संख्या पर लगाम लग सकती है। इसके लिए भले ही अन्य कमर्शियल वाहनों की तुलना में रजिस्ट्रेशन शुल्क शासन स्तर पर कम किया जा सकता है।

### कमर्शियल व्हीकल की सूची में शामिल करने पत्र

ई-रिक्शा चालकों की मनमानी देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने परिवहन विभाग को पत्र लिखकर ई-रिक्शा तथा माल ढोने वाले ई-व्हीकल को कमर्शियल व्हीकल की सूची में शामिल करने पत्र लिखा है। ट्रैफिक पुलिस के पत्र के आधार पर परिवहन विभाग ने भी राज्य सरकार को ऐसे वाहनों को कमर्शियल सूची में शामिल करने अनुशंसा की है।

## प्रकोष्ठ अधिनियम का पालन नहीं होने से दो साल से नहीं मिले 23.75 करोड़

# आरडीए और हाउसिंग बोर्ड की आधा दर्जन कॉलोनियों में असुविधा, फंसा टैक्स का पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

लोगों की सुविधा के लिए शहर के अलग-अलग इलाके में आरडीए और हाउसिंग बोर्ड ने पॉश कॉलोनियों का निर्माण कराने के बाद वर्षों पहले कब्जा भी दे दिया। इसके बावजूद प्रकोष्ठ अधिनियम का पालन कराने में फेल है। कॉलोनियों में रहने वाले ही नहीं, बल्कि आरडीए और हाउसिंग बोर्ड को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कई बार पहल के बाद बनाई गई समितियों में विरोध की स्थिति में लोगों को मिलने वाली सुविधा ही नहीं, 23.75 करोड़ रुपए टैक्स का भुगतान भी अटका है।

राजधानी के आउटर में सरकार से मिली जमीन पर आरडीए व हाउसिंग बोर्ड ने अभी तक 45 से ज्यादा प्रोजेक्ट पूरे करते हुए लोगों को आवासों का कब्जा दिया है। इनमें रहने वाले 5 हजार से ज्यादा लोगों द्वारा सुविधा शुल्क का भुगतान नहीं किया जा रहा है। आरडीए व हाउसिंग बोर्ड द्वारा ऐसे लोगों को हर महीने नोटिस भी दिया जा रहा है। इसके बाद भी कॉलोनी के लोग सुविधा की मांग तो कर रहे हैं, लेकिन सुविधा के लिए तय टैक्स का भुगतान नियमित नहीं कर रहे। इससे लाखों रुपए के मकान और फ्लैट खरीदने वाले लोगों को बिजली, पानी, सफाई, लिफ्ट व सुरक्षा की सुविधा भी नहीं मिल रही है। इसका खुलासा बाधित की जा रही सुविधाओं की वस्तुस्थिति जांचने पर हुआ है। पाया गया कि टैक्स समय पर नहीं देने वाले लोगों को नोटिस देने पर न तो जवाब दिया जा रहा और न बकाया राशि ही लोग जमा कर रहे हैं।

### 13 करोड़ से ज्यादा टैक्स

मामले की पड़ताल करने पर पता चला कि विगत दो साल से आरडीए की बोरियाखुर्द कॉलोनी में 8 करोड़, हीरापुर में तीन करोड़ 50 लाख के अलावा सरोना स्थित कॉलोनी के लोगों ने भी 1.75 करोड़ का टैक्स व किस्तें नहीं दी हैं। तीनों पॉश कॉलोनियों में ही आरडीए का 13 करोड़ 25 लाख रुपए का भुगतान अटका है। इसके चलते बिजली, पानी की सुविधा देने में आर्थिक दिक्कत आ रही है। इससे दूसरे फेज में होने वाले गार्डन, बाउंड्री के काम करीब 10 साल से फंसे हैं।



### नोटिस का जवाब भी नहीं दे रहे

इसी तरह की स्थिति हाउसिंग बोर्ड के सामने भी है। कबीर नगर कॉलोनी में 5 करोड़, डूमरतराई में 3.50 करोड़ रुपए लोगों ने अभी तक जमा नहीं किए हैं। खम्हारडीह में 2 करोड़ रुपए किस्त व टैक्स लोगों ने करीब दो साल से जमा नहीं किए हैं। इसके लिए बोर्ड द्वारा दिए जाने वाले नोटिस का जवाब भी कॉलोनीवासी नहीं दे रहे हैं। नल कनेक्शन से पानी रोकने-बिजली कनेक्शन काटने पर विरोध की स्थिति बनती है। इससे बचने के लिए सख्ती नहीं होने से सुविधा का पेंच भी फंसा है।

### इन सुविधाओं का अभी अभाव

बोरियाखुर्द में प्रॉपर सफाई नहीं होने से कॉलोनीवासियों द्वारा आसपास के खाली प्लाट में कचरा फेंका जा रहा है। इससे गंदगी का आलम है। यहां गार्डन का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है। वहीं कबीर नगर में भी सफाई और मनोरंजन के लिए गार्डन नहीं बन पाया है। सरोना व बोरियाखुर्द में हर तरह की अव्यवस्था है। सुरक्षा तो दूर, यहां बिजली और गार्डन निर्माण अभी तक जिम्मेदार एजेंसी नहीं करा पाई है। इसके लिए लोग लिखित आवेदन तो दे रहे, लेकिन टैक्स जमा नहीं करते।

### समय-समय पर भेजते हैं नोटिस

लोग कॉलोनियों की समस्या गिनाने के लिए आए दिन आवेदन देते हैं, लेकिन बकाया टैक्स व किस्त देने से बचते हैं। लोगों के पास 13 करोड़ से ज्यादा भुगतान फंसा है। नोटिस भेजने पर किसी प्रकार का जवाब भी नहीं मिल रहा है।

*- **अनिल गुप्ता,** अधीक्षण अभियंता, आरडीए, रायपुर*

### प्रकोष्ठ अधिनियम का पालन नहीं

कॉलोनियों में पजेशन देने के बाद वहां की जिम्मेदारी लोगों द्वारा बनाई गई समिति को निभाने का नियम है। समितियों में विरोध के चलते टैक्स भी नहीं मिल रहा है। अभी प्रकोष्ठ अधिनियम का पालन कराने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

*- **संदीप साहू,** अधीक्षण अभियंता, हाउसिंग बोर्ड, रायपुर*

## अयोध्या से पवित्र मिट्टी लेकर पहुंचे कलाकार, हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चित्रोत्पला लोककला परिषद रायपुर द्वारा ग्राम चंदखुरी में 3 से 7 सितंबर तक माता कौशिल्या संग तीजा तिहार का आयोजन किया जा रहा है। माता कौशिल्या की मूर्ति के लिए रविवार को अयोध्या धाम से पवित्र मिट्टी लेकर लोक कलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर और हेमलाल पटेल रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे, जिसका पूरे धूमधाम से बाजे-गाजे के स्वागत किया गया और स्टेशन में विधायक धरसींवा अनुज शर्मा ने पवित्र मिट्टी की पूजा-अर्चना के साथ आरती की।

इसी दौरान विधायक ने चित्रोत्पला लोककला परिषद के इस आयोजन की सराहना की। स्वागत करने वालों में राकेश तिवारी, सुरेश ठाकुर, सुदामा शर्मा, नरेंद्र यादव, घनश्याम वर्मा, संत फरिकार, सविता तिवारी, रत्ना ठाकुर, मनीष लदेर, मोहन साहू, सुमीत ठाकुर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### बसंत बने केंद्रीय गांड़ा महासभा के उपाध्यक्ष



**रायपुर।** केंद्रीय गांड़ा महासभा के पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक भवन में रविवार को एक समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से बसंत बाघ को उपाध्यक्ष बनाया। उनकी नियुक्ति पर केंद्रीय गांड़ा महासभा के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### चंद्रनगर कॉलोनी की ऐसी दुर्दशा

भिलाई। यह तस्वीर किसी गांव की पगडंडी की नहीं है। यह रिसाली निगम से जुड़े ग्राम पंचायत उमरपोटी के चंद्रनगर कॉलोनी की है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले इस कॉलोनी में सड़क तक नहीं बन पाई है। यहां लोगों को बारिश के दिनों में घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। दुपहिया वाहन फिसल जाते है। जिससे दुर्घटना के शिकार कॉलोनीवासी हो रहे है। इस कॉलोनी की हर दूसरा मार्ग खराब हाल में है। सालों पहले यहां सीमेंटीकरण कुछ मार्ग का हुआ था, लेकिन अब उसमें जगह-जगह गड्ढे हो गए है।

# गोदड़ीवाला धाम में वर्सी महोत्सव को लेकर सामान्य सभा, सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में तीन दिवसीय 6 से 8 अक्टूबर तक



संत बाबा हरदास राम साहेब का 33वां वर्सी महोत्सव मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में होगा। इसकी तैयारियों के संबंध में गोदड़ीवाला धाम में रविवार को सामान्य सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि कार्यक्रम में भारतवर्ष के संत-महात्माओं को निमंत्रण के साथ उनके निवास की व्यवस्था, पंडाल व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, भंडारा साहेब की व्यवस्था, लाइट व साउंड व्यवस्था, भजन मंडलियों को निमंत्रण दिया जाएगा। साथ ही निशुल्क मेडिकल कैंप की सेवा और लगभग 25 प्रकार की सेवाओं पर चर्चा की और आपसी सहमति से सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई।




पेज 9 के शेष...

### जादू-टोने के...

बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गयी। उक्त मामले में त्वरित कार्यवाही में एसपी रामकृष्ण साहू के दिशानिर्देश पर बेमेतरा एसडीओपी-मनोज तिर्की के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू सहित अन्य स्टॉफ द्वारा की गई। इसमें उनके साथ सउनि जितेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक छत्रपाल डहरिया, सायबर सेल टीम प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक मोती जायसवाल एवं आरक्षक शिव सेन, राहुल यादव व अन्य थाना स्टाफ के खास भूमिका एवं मौजूदगी रही।

### सूने मकान में चोरी...

पूछताछ की तो उन्होंने गाँव के ही द्वारिका साहू के सूने मकान में चोरी की बात कबूल की। साथ ही आरोपी से गहन पतासाजी व छानबीन कर सुनसान मकान से चोरी की गई नकदी रकम सहित कीमती आभूषण व जेवरात भी ढूंढकर वापस ला लिये। जिसमे सोने के पान आकर की 01 पत्ती, 02 नग गूंथा हुआ गेहूं दाना, 03 नग छोटा पत्ती एवं 01 जोड़ी गोल्डन आइरिंग के साथ चांदी की 01 जोड़ी पैरी, चांदी की पायल एवं नगदी के रूप में 22 हज़ार रुपये आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत जेवर सहित नगदी मिलाकर कुल 92 हज़ार रुपया आंका गया था, जिसे पीड़ति प्रार्थी को विधिवत वापस किया गया। इस त्वरित जांच कार्यवाही में थानेदार मयंक मिश्रा के अलावा प्रधान हवलदार दिनेश मंडावी, हवलदार प्रमोद बंजारे व रामेश्वर पटेल की खास योगदान रही।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

### विधायक ने समाज के झंडे का किया अपमान: डाहरे

**भिलाई।** बलौदा बाजार हिंसा मामले में समाज के धरने में भड़काऊ भाषण देकर समाज को उकसाने वाले कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव का बड़ा योगदान है। उक्ताशय का आरोप पूर्व विधायक सांवलाराम डाहरे ने लगाया है। उन्होंने कहा कि देवेन्द्र यादव सतनामी समाज के नहीं है। उन्हें सामाजिक धरने में अपने गुर्गे के साथ क्यों जाना चाहिए। जो संदेहास्पद है ,उसने सामाजिक भीड़ का लाभ उठाते हुए अपराधिक राजनीति किया। समाज को कलंकित किया है सतनामी समाज शांति प्रिय समाज है। हमारा समाज कभी अप्रिय कार्य नहीं किया है।

**BHILAI INSTITUTE OF TECHNOLOGY, DURG**
(Seth Balkrishan Memorial) BHILAI HOUSE, DURG – 491 001 (CG)
Phone: (0788) 2359297, 2359163; Mobile: 9171962222
E-mail: bit@bitdurg.ac.in

ASPIRE TO EXCEL
ESTD. 1986

No. BIT/2024/SC/01 Date : 30.07.2024

**ADMISSION NOTIFICATION: 2024-25**

| P.G. COURSES - 2 YRS. (SPONSORED CATEGORY) | U.G. COURSES FOR WORKING PROFESSIONALS |
|---|---|
| **M. Tech.**<br>• Structural Engineering<br>• Electrical Power & Energy System<br>• Data Sciences<br>• Electrical Vehicle & Technology<br>• Environmental Science & Engg. | **B. Tech.**<br>• Civil Engg. • Mechanicle Engg.<br>• Computer Sc. & Engg. (CSE)<br>1st Time in Chhattisgarh for **Working Professionals.** Eligibility criteria will be announced shortly. Contact: 9171962222 |

**Eligibility** : As per DTE norms; **Experience** : Minimum 2 Years working experience after graduation; Application form and details can be downloaded from Institute's website **(www.bitdurg.ac.in).** Last date for registration is **24.08.2024.**

**PRINCIPAL**

Deepak Ad.

## खबर संक्षेप



### नर्मदा धाम भेड़नी के जल से देवरबीजा के प्राचीन महाकाल मंदिर में किया अभिषेक

**बेमेतरा।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने शिव भक्तों साथ कांवर यात्रा निकाली। ग्राम भेड़नी में मां नर्मदा के पावन कुण्ड से जल लेकर मंत्रोचार के साथ पूजा के बाद कांवर यात्रा प्रारंभ की गई। विधायक आशीष छाबड़ा सहित अनेक कांवरियों ने कांवर उठाकर बोल बम का नारा लगाते हुए 4 किलोमीटर की पदयात्रा की। सभी ने ग्राम देवरबीजा के प्राचीन महाकाल मंदिर में पहुंचकर रुद्राभिषेक किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांवड़ यात्रा में शिव भक्तों के साथ शामिल होने का सौभाग्य मिला। उन्होंने बेमेतरा क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। कांवर यात्रा में कमल वर्मा, सहदेव साहू सरपंच, दिलहरन साहू सरपंच, युवराज दुबे सरपंच, राजा साहू, फत्ते पटेल, प्रभात श्रीवास, आलोक, नद्दू सलूजा, यशवंत साहू, गौरिशंकर शर्मा, बृजेश सिन्हा, उत्तम गुप्ता, राजेंद्र पारकर, राजकुमार सेन, गुड्डू सेन, गोविंदा राजपूत, जयप्रकाश राज, टोनू देवांगन, कारण लोधी, शशिभूषण देवांगन, लवकुश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### शिक्षक व पूर्व नपं अध्यक्ष ने मां के हाथों लगवाया पौधा




**साजा।** शासन के निर्देशानुसार पर्यावरण को स्थान स्तर पर समृद्ध करने तथा जन सहयोग से पर्यावरण संरक्षण के स्वैच्छिक प्रयासों को बढ़ावा देने की दृष्टि से 'एक पेड़ मां के नाम' की योजना प्रारंभ की गई है। इसे जमीनी स्तर पर मूर्त रुप देने के लिए शिक्षक व संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने स्थानीय कहिया तालाब में अपनी माता शांति बाई वर्मा के हाथों बरगद का पौधा लगवाया। अपनी मां की इच्छा के अनुरुप इसे सुरक्षित रखने तथा निरंतर देखभाल करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपनी नीजि भूमि, खेत की मेड़ों और सार्वजनिक स्थलों पर पौधों का रोपण करके सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया। अपनी नीजि कृषि भूमि में 'किसान वृक्ष मित्र योजना 2024' के अंतर्गत 400 सागौन, 40 खम्मार के पौधे रोपित कर कुआं खार धनहा चक में हरियाली बढ़ाने का प्रयास किया गया है।

### आरक्षण में कोटे पर कोटा के फैसले का विरोध, प्रदर्शन कल

**डौंडी/बालोद।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 अगस्त को अनुसूचित जाति/जनजाति के आरक्षण में कोटे पर कोटा के फैसले के विरोध एवं ओबीसी आरक्षण में लागू क्रीमिलेयर की बाध्यता को खत्म किये जाने की मांग को लेकर विकासखंड मुख्यालय डौंडी के मथाई चौक पर 21 अगस्त को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक रैली एवं आमसभा का आयोजन किया जाएगा। सर्व आदिवासी समाज डौंडी के मीडिया प्रभारी समीर धुव्र ने उक्त जानकारी देते हुए अतिआवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी प्रतिष्ठानों एवं दुकानों को बंद रखकर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।







**साजा।** भाई बहन की पवित्र रिश्ते की बुनियाद रक्षाबंधन पर्व साजा अंचल में पारंपरिक रूप से पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। प्रजापिता ब्रम्हकुमारी विश्वविद्यालय की बहनों ने साजा विधायक निवास पहुंचकर विधायक ईश्वर साहू को राखी बांधी और उनके सुखमय सुदीर्घ जीवन की कामना की। इसके साथ ही आश्रम की बहनों ने भी कई संस्था प्रमुखों को राखी बांधी।

### पर्व : जिला मुख्यालय सहित अंचल में धूमधाम से मना रक्षाबंधन

# भाइयों की आरती उतारकर किया तिलक बांधी राखी और की लंबी उम्र की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को जिला मुख्यालय बेमेतरा सहित अंचल में पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की आरती उतारकर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी और उनके सुखमय दीर्घ जीवन की कामना की। वहीं, भाइयों ने बहनों की सुरक्षा का संकल्प लिया और उपहार भेंट किए। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की अनेक बहनों ने विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक दीपेश साहू को रक्षासूत्र बांधकर सुख-दुख में हमेशा साथ रहने संकल्प लिया। इस समारोह में विधानसभा क्षेत्र की बहनें शामिल हुईं। विधायक दीपेश साहू ने समारोह में आई सभी बहनों को रक्षा सूत्र बांधने के बाद उपहार भेंट किया। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि रक्षाबंधन का यह पर्व भाई एवं बहन के लिए महत्वपूर्ण होता है। बहनों के द्वारा भाई की कलाई पर राखी बांधकर अपनी रक्षा की जिम्मेदारी अपने भाई को सौंपते हुए जीवन भर रक्षा का वचन लेती हैं। श्री साहू ने कहा कि यहां उपस्थित बहनों को यह वचन देता हूं कि एक भाई के रुप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा, इसके लिए आप सब आशीर्वाद दें। सभी बहनों को वचन देता हूं एक भाई के रूप में जो मेरा कर्तव्य है उसे पूरा करूंगा। बेमेतरा क्षेत्र के विकास में भी बहनों का भागीदारी रहे इसे सुनिश्चित करने के लिए आप लोगों के कंधे से कंधा मिलाकर जीवन भर साथ देने का वचन देता हूं।

- बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने विधायक दीपेश को बांधी राखी



### बहनों की हंसी व बातों से गुलजार रहा घर, भाइयों की सजी कलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दाढ़ी

अंचल में भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व को लेकर भाई बहनों में काफी उत्साह देखा गया। राखी के एक दिन पूर्व ही रक्षाबंधन के लिए बहनों ने रंग बिरंगी राखियां और मिठाइयां भाइयों के लिए खरीद ली थी। वहीं, भाइयों ने भी बहनों के लिए उपहार की खरीदारी की थी। सोमवार को रक्षाबंधन के दिन सावन के अंतिम सोमवार होने के कारण बड़ी संख्या में बहनें नगर के शिवालयों में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने पहुंची। वहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा करने के साथ ही उन्हें राखी बांधकर उनसे भाई की रक्षा का आशीर्वाद मांगा। सावन के अंतिम दिन दोपहर डेढ़ बजे तक भद्राकाल होने के कारण सुबह बहनों ने भाइयों को राखी नहीं बांधी। वहीं, दोपहर 1:30 बजे भद्राकाल समाप्त होने के बाद बहनों ने भाइयों को राखी बांधन शुरू किया। वहीं, समय कम होने के कारण एक भाई को राखी बांधने के बाद दूसरे भाई को राखी बांधने के लिए कुछ दौड़भाग करनी पड़ी। वहीं, कुछ लोगों को भद्राकाल की जानकारी नहीं होने के कारण दिनभर राखी बांधती रहीं। ग्रामीण अंचल में आज भी संयुक्त परिवार में बहनें एक जगह एकत्रित होकर भाइयों को राखी बांधी और मुंह मीठा कर उनके सकुशल व समृद्धि जीवन के लिए प्रार्थना की। वहीं, भाइयों ने उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। नगर के सभी वार्ड सहित गांवो की गलियों में भी राखी बांधने वाली बहनों की आवाजाही से रौनक रही। नगर के समाज सेवक टीकम बंजारे ने भी अपनी बहन के हाथों से अपनी कलाई पर राखी बंधवाई।

- अंचल में पारंपरिक रूप से उत्साह के साथ मनाया गया रक्षाबंधन



### धूमधाम से मना रक्षाबंधन



**लाटाबोड़।** रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। बहन-भाई के प्यार का प्रतीक इस त्योहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा। सोमवार की सुबह लोग स्नान कर देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की उसके बाद बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बड़े-बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। दोपहर में अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई।

### डौंडीलोहारा में हर्षोल्लास के साथ मना रक्षाबंधन पर्व



**डौंडीलोहारा।** अंचल में रक्षाबंधन का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस बार राखी दुकानों, मिठाई ,कपड़ा ज्वेलरी व जनरल दुकानों में जमकर बिक्री हुई जिससे बाजार गुलजार रहा। मौसम साफ होने के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी नहीं हुई। हालांकि उमस भरी गर्मी से लोग जरूर परेशान रहे। रक्षाबंधन का मुहूर्त दोपहर 1:30 बजे के बाद होने के कारण बहनों को कुछ इंतजार जरूर करना पड़ा। बहनें पूजा की थाल सजाकर, आरती उतारकर, माथे पर तिलक लगाकर भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। भाइयों ने भी राखी बंधवाकर बहनों की रक्षा का प्रण लिया व उपहार भेंट किया। श्रावण माह के अंतिम दिन पूर्णिमा को मनाये जाने वाला यह पर्व सोमवार को होने के कारण भी बेहद ही खास रहा।

### शैलदेवी कॉलेज की प्राध्यापकों ने बीएसएफ जवानों को बांधी राखी

**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा की ओर से बीएसएफ मुख्यालय, रिसाली में बीएसएफ जवानों के साथ रक्षाबंधन मनाया। इसमें महाविद्यालय से डॉ. रजनी राय, योगिता नाशिने, सुरेखा साहू, डॉ. रेखा जीवनानी, हीरा मानिकपुरी सहित अनेक महिला सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीएसएफ जवानों को महिला सहायक प्राध्यापकों ने राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र और सुरक्षा की कामना की।



कार्यक्रम में बीएसएफ जवानों और उनके परिवारों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि आईजी मनीष सिन्हा, अध्यक्ष राजन दुबे ने बीएसएफ जवानों की सेवा और बलिदान के महत्व को रेखांकित किया।



### वार्ड नंबर 14, नवधा मंच सिंघौरी बेमेतरा में हुआ जिलास्तरीय कार्यक्रम

## संत गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव पर हुई रामचरित मानस की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

श्री रामचरितमानस संघ ने वार्ड नंबर 14, नवधा मंच सिंघौरी बेमेतरा में एकदिवसीय जिला स्तरीय संत गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने कहा कि गोस्वामी द्वारा लिखित एक चौपाई में लाखों समस्याओं का समाधान है। वहीं, हनुमान चालीसा को गोस्वामी तुलसीदास द्वारा हनुमान जी की प्रेरणा से लिखा गया है। संत गोस्वामी तुलसीदास नाम पूरे विश्व में प्रसिद्ध है, जिनकी लिख रामायण आज सभी लोग गा रहे हैं। श्री रामकिंकर लल्लू वर्मा भिलाई द्वारा नवमी भौम वार मधुमासा अवधपुरी यह चरित प्रकासा पर अनेक व्याख्या कर उदाहरण देकर एवं अनेक चौपाई के द्वारा समझाकर कहा गया। कार्यक्रम को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, उपाध्यक्ष नगर पालिका पंचू साहू एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजू देवांगन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ के साथ की गई। सभी मानस मंडलियों को अभिनंदन पत्र, श्रीफल एवं सुंदरकांड पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में सर्वप्रथम वीणा महिला मानस मंडली ने प्रस्तुति दी। उसके बाद जय बजरंग महिला मानस मंडली, श्री राम जानकी मानस मंडली बेमेतरा,जय मां शीतला मानस मंडली भिलौरी, श्री कृष्णा मानस मंडली बावनलाख, शिव मानस मंडली खंडसरा, मानस मंडली अर्जुनी, त्रिवेणी संगम मानस मंडली बेमेतरा, गणेशा मानस मंडली उमरिया ,श्रीराम किंकर मानस मंडली भिलाई, केसरी मानस मंडली पिपरिया कबीरधाम, एवं लोक रंजनी मानस मंडली अभन सेन ने रामचरितमानस की प्रस्तुत दी। संत तुलसीदास जी की महा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। मंच संचालन डॉ रीझन सिंह सेन गुरुजी एवं आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने किया। सभी मंडली के सदस्यों, मानस रसिकों एवं जनप्रतिनिधियों का फूल माला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रामचरितमानस संघ के पदाधिकारी तहसील अध्यक्ष देवराम साहू पार्षद, जिला सचिव दिनेंद्र साहू किरीतपुर, जिला कोषाध्यक्ष ढालचंद साहू भिलौरी, पंचराम यादव, उपाध्यक्ष भागवत निर्मलकर, नारायण निषाद,रंजीत साहू, आजूराम साहू, कौशल सिन्हा, बलदेव साहू, जयलाल साहू, रमऊ चक्रधारी, सुरेश रावत, अभ्भन सेन, नंदकिशोर नामदेव ,मदन वर्मा जीवन साहू, मुकेश देवांगन, संतोष साहू अगम मानिकपुरी, नोहर मानिकपुरी, राजेश योगी सहित समिति के सदस्य एवं श्रीराम रसिक उपस्थित थे।




online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से
10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411